**राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के सफलतापूर्वक 3 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय भाषाओं एवं साहित्य में प्रश्न पद लेखन पर राष्ट्रीय ऑनलाईन मैराथन**

## हिंदी भाषा के लिए प्रश्नपद लेखन का ऑनलाईन मैराथन

- **क्या :** भारत में हिंदी भाषा/भाषा विज्ञान के शिक्षण कार्य में रत सहायक प्राध्यापकों/व्याख्याताओं/ शोधार्थियों के लिए भाषा एवं साहित्य में प्रश्नपद लेखन का 15 दिनों का ऑनलाईन मैराथन।
- **कब :** 28-08-2023 से 11-09-2023 तक (तिथि बढ़ाई गई)
- **मोड :** ऑनलाईन – गूगल मीट एवं एनटीएस-आई प्रश्नपद प्रविष्टि कॉनसोल
- **स्थान :** राष्ट्रीय परीक्षण सेवा-भारत, भारतीय भाषा संस्थान

- अर्हता
  - भारत के विश्वविद्यालयों (वरीयतः सरकारी या सरकारी सहायता प्राप्त/स्वायत्त संस्थानों) में हिंदी भाषा/साहित्य/भाषा विज्ञान के अध्ययन-अध्यापन में निरत सहायक प्राध्यापक/व्याख्याता एवं शोधार्थी।
  - अंग्रेजी में बुनियादी संप्रेषण कौशलों का होना आवश्यक है।
  - भाषाविज्ञान/भाषा शास्त्रों में उच्चतर उपाधि धारकों और हिंदी भाषा में परीक्षण एवं मूल्यांकन विषय पर एनटीएस-आई द्वारा आयोजित 5 दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण सह कार्यशाला में प्रतिभागिता कर चुके प्रत्याशियों को वरीयता दी जाएगी।
  - कंप्यूटर प्रणाली संबंधी आवश्यकताएँ—
  - न्यूनतम स्पेसिफिकेशन कोर 2 डीओ प्रोसेसर 4 जीबी रैम ओएस विंडो एसपी, 7 और उच्चतर क्षमता वाला अच्छी चालू हालत में डेस्कटॉप/लैपटॉप।
  - स्थिर इंटरनेट संबंधन
  - गूगल क्रोम, मोज़ीला फायरफॉक्स, इंटरनेट एक्सप्लोरर आदि ब्राउजर से युक्त यूनीकोड संवलित डेस्कटॉप/लैपटॉप। ऐसे ब्राउजरों के नवीनतम् संस्करणों का उपयोग अति अनुशंसनीय है।

- **उद्देश्य**
    - एनईपी-2020 के सफलतापूर्ण 3 वर्षों को चिन्हित करना।
    - हितधारकों के बीच परीक्षण एवं मूल्यांकन की वैज्ञानिक प्रविधियों के बारे में देशव्यापी जागरूकता और मतैक्य का सृजन करना।
    - भाषा, साहित्य और भाषा विज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों/शोधार्थियों/पेशेवरों के व्यावसायिक कौशलों का विकास करना।

- **भरपाई**
    - सभी सफल प्रतिभागी रु. 4500/-(रु. चार हज़ार पांच सौ मात्र) के प्रतीकात्मक मानदेय के अधिकारी होंगे। इसकी अर्हता प्राप्त करने के लिए प्रतिभागियों को तय न्यूनतम संख्या में वैध प्रश्नों की प्रविष्टि मैराथन समाप्त होने तक प्रतिदिन करनी पड़ेगी।
    - सभी सफल प्रतिभागियों को प्रतिभागिता का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।
    - हर भाषा में दिये गये क्षेत्रों में मानकों और स्तरचिन्हों के अनुरूप वैध और अनोखे प्रश्नपदों की प्रविष्टि के आधार पर (प्रत्येक भाषा में) एक-एक विजेता का चयन किया जाएगा। सामान्य लाभों के अतिरिक्त विजेताओं को निम्नलिखित चीज़ें प्रदान की जाएंगी—
    - पुरस्कार का प्रमाण-पत्र
    - एक ट्रॉफी
    - एनटीएस के साथ 2 माह तक काम करने का अवसर जिसमें निःशुल्क आवास, यात्रा भत्ता सहित तयशुदा मानदेय दिया जाएगा जो लगभग 20,000 से 25000 रु. प्रति माह तक होगा।

- **नियम एवं शर्तें**
    - मानदेय प्राप्ति की अर्हता के लिए चयनसूची में शामिल प्रतिभागियों के लिए यह आवश्यक होगा कि वे अच्छी तरह भरे गये और हस्ताक्षरित मानदेय रसीद की हार्ड प्रति तथा पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की फोटो प्रतियाँ यथाशीघ्र स्पीड पोस्ट से भेजें। इसके लिए डाक के पते एवं मानदेय रसीद तथा बैंक फार्मेट की सॉफ्ट प्रतियों को दिनांक 18.08.2023 को चयन सूची के साथ वेबसाईट पर अपलोड किया जाएगा। मानदेय से आयकर की कटौती की जाएगी।

- यदि प्रयोज्य हो तो प्रतिभागियों को एनटीएस-आई द्वारा आयोजित परीक्षण एवं मूल्यांकन में आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने प्रमाण पत्र की स्कैन की गई प्रति प्रमाण के रूप में प्रस्तुत करनी होगी।
- प्रति दिन कम से कम 20 वैध प्रश्नों की प्रविष्टि अवश्य करनी होगी। एक दिन में 20 से कम प्रश्नों की प्रविष्टि करने वाले मैराथन से बाहर हो जाएँगे। और वे किसी भी प्रकार के मानदेय या पुरस्कार के अधिकारी नहीं रहेंगे। (दिन की गणना रात के 12 बजे से लेकर अगली रात के 11.59 बजे तक की जाएगी)
- किसी प्रश्न कोष या गाईड आदि से नकल करके प्रश्नों की प्रविष्टि नहीं होनी चाहिए।
- प्रतिभागी किसी भी समय प्रश्नों की प्रविष्टि कर सकते हैं लेकिन इसके लिए तकनीकी/शैक्षणिक सहायता केवल कार्य दिवसों (सोमवार से शुक्रवार तक) में प्रातः 9.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक ही उपलब्ध रहेगी।
- इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण एवं विस्तृत अनुदेश मैराथन के पहले/दूसरे दिन प्रदान किया जाएगा।
- भारतीय भाषा संस्थान के संकाय सदस्य/पदाधिकारी भी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं लेकिन उन्हें इस कार्य हेतु किसी भी प्रकार का मानदेय नहीं दिया जा सकेगा। अन्य नियम एवं शर्तें एक समान रहेंगी।
- राष्ट्रीय परीक्षण सेवा-भारत के अतिरिक्त भारतीय भाषा संस्थान की विभिन्न इकाइयों/योजनाओं/केंद्रों/परियोजनाओं में संविदा आधार पर कार्यरत रिसोर्स पर्सन/कर्मचारी इस मैराथन के लिए उचित माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। लेकिन वे इस कार्य के लिए किसी मानदेय के अधिकारी नहीं होंगे। अन्य निमय एवं शर्तें एक समान रहेंगी।

**नोट**

- सभी प्रतिभागियों के पास एक वैध ईमेल खाता (वरीयता जीमेल खाता) होना चाहिए क्योंकि इस मैराथन का आयोजन गूगल मीट के माध्यम से किया जाएगा।
- इस  कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हिंदी टंकण में प्रवीणता एक अनिवार्य शर्त है।
- चयनित उम्मीदवारों की सूची दिनांक 25.8.2023 को वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।
- मैराथन में प्रतिभागिता के दौरान सभी प्रतिभागी सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्धारित आचार-संहिता और निर्देशों को मानने के लिए बाध्य होंगे। भारतीय भाषा संस्थान शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली का एक अधीनस्थ कार्यालय है। कार्यक्रम के दौरान इनका किसी भी प्रकार का उल्लंघन/दुर्व्यवहार होने पर गंभीर अनुशासनात्मक कार्रवाई संस्थान/भारत सरकार के नियमानुसार की जाएगी।

- किसी भी आवेदन को बिना कोई कारण बताए स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार संस्थान के पास सुरक्षित है।
- इस कार्यक्रम को बिना कोई कारण बताए पूर्वेषित/अग्रेषित या रद्द करने का अधिकार संस्थान के पास सुरक्षित है।

**आवेदन कैसे करें—**

इस ऑनलाईन कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक व्यक्ति "Online Registration" पर क्लिक करके आवेदन कर सकते हैं जो इस पृष्ठ के नीचे उपलब्ध है। ऑनलाईन आवेदन करते समय हर चरण का अनुपालन ध्यानपूर्वक करें। अंतिम चरण में आपके पंजीयन प्रपत्र की पीडीएफ फाईल जेनरेट होगी जो आपकी पंजीकृत ईमेल आईडी पर चली जाएगी। ऑनलाईन पंजीकरण 25.08.2023 को पूर्वाह्न 11.30 बंद हो जाएगा।